संख्या-3989 /चौदह-4-2014-519 /2013

प्रेषक,

प्रतिभा सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख वन संरक्षक,
वन्य जीव,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

वन अनुभाग- 4 लखनऊ, दिनांक, नवम्बर, 2014

विषय: जनपद इटावा में बब्बर शेर प्रजनन केन्द्र व लॉयन सफारी पार्क की स्थापना से सम्बन्धित पुनरीक्षित प्रायोजना।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर आपके पत्रांक-176/7- (लायन सफारी पार्क समिति) लखनऊ दिनांक 14.08.2014 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत परियोजना की व्यय वित्त समिति दिनांक 19.12.2012 को प्रायोजना की अनुमोदित लागत रू0 4565.11 लाख स्वीकृति की गयी थी। तदोपरान्त आपके प्रस्ताव के अनुसार परियोजना की पुनरीक्षित लागत पर व्यय वित्त समिति की बैठक दिनांक 22.01.2014 में विचार हुआ और धनराशि रू0 5085.68 लाख अनुमोदित की गयी। कालान्तर में पुन: पुनरीक्षित लागत रू0 7407.34 लाख के आंकलन पर पुन: व्यय वित्त समिति की बैठक दिनांक 14.07.2014 एवं 16.07.2014 में विचार किया गया और पुनरीक्षित लागत रू0 6762.91 लाख अनुमोदित की गयी। इस प्रकार सम्पूर्ण परियोजना में से निर्माण कार्यों की पुनरीक्षित लागत रू0 6581.16 लाख है।

2- प्रश्नगत परियोजना के निर्माण कार्यों की व्यय वित्त समिति द्वारा अनुमोदित लागत रू0 6581.16 लाख पर व्यय वित्त समिति की बैठक दिनांक 14 एवं 16 जुलाई,2014 में विचार करते हुए निर्देशित किया गया कि प्रायोजनान्तर्गत अनावासी/साधारण अनावासी लोड वियरिंग कुर्सी क्षेत्रफल दरें प्रयोग की गयी तथा उक्त कार्य मदों में उच्च स्तर की विशिष्टियों का प्रयोग किया जा रहा है। चूँकि बब्बर शेर प्रजनन केन्द्र एवं लायन सफारी पार्क राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय स्तर का बनाया जा रहा है जो विशिष्ट प्राकृति का है। अत: उक्त कार्य मदों में प्रयुक्त की जाने वाली विशिष्टियों के संबंध में आ रही कार्य की अतिरिक्त लागत से अवगत कराते हुए सम्पूर्ण प्रायोजना पर मा0 मंत्रि-परिषद के आदेश प्राप्त किये जाये।

3- इसी प्रकार प्रायोजनान्तर्गत आप द्वारा प्रस्तावित रिकरिंग एवं नानरिंकरिंग तथा उसके अन्तर्गत प्रस्तावित विभिन्न वाहनों यथा 04 नग मोटर साइकिल 01 नग ड्रायरेक्टर व्हीकल्स, 01 नग जीप, 01 नग रिकवरी वाहन/एम्बुलेन्स, 03 नग पर्यटकों के भ्रमण हेतु के क्रय के संबंध में भी आवश्यकता एवं

http://shasanadesh.up.nic.in

औचित्य को स्पष्ट करते हुए तथ्यात्मक विवरण के साथ उक्त कार्य मदों पर मा0 मंत्रि-परिष्द के आदेश की अपेक्षा की गयी।

4- व्यय वित्त समिति के उपर्युक्त निर्देश के अनुपालन में प्रमुख वन संरक्षक, वन्य जीव के अध्यक्षता में गठित समिति के संस्तुतियों के अनुरूप गठित वर्ष 2014-15 एवं वर्ष 2015-16 तक प्रस्तावित नानरिकरिंग एवं रिकरिंग व्यय की निम्नवत् संस्तुति की गयी:-

(रू0 लाख में)

क्रमॉक	**मद का नाम**	**लागत**
1	वर्ष 2014-15 हेतु नानरिकरिंग व्यय	160.03
2	वर्ष 2014-15 एवं वर्ष 2015-16 हेतु रिकरिंग व्यय	110.51
	योग-	270.54

5- व्यय वित्त समिति के उक्त निर्देशों के अनुरूप प्रायोजना में निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाली विशिष्टियों के संबंध में आ रही अतिरिक्त लागत रू0 450.68 लाख तथा उपरोक्तानुसार प्रस्तुत रिकरिंग एवं नान रिकरिंग कार्यमदों की समिति के विश्लेषण के आधार पर रू0 270.54 लाख की विभिन्न कार्य मदों पर सक्षम स्तर से अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया है।

6- उपर्युक्त वर्णित तथ्यों एवं विवरण के दृष्टिगत प्रायोजना के अन्तर्गत निर्माण कार्यों एवं विभागीय कार्यों सहित परियोजना कुल लागत रू0 7033.45 लाख पर सक्षम स्तर से अनुमोदनोंपरान्त एतदद्वारा स्वीकृत प्रदान की जाती है।

कृपया प्रायोजना पर अग्रेतर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

संलग्नक: उपरोक्तानुसार
1 से 6

भवदीय,

(प्रतिभा सिंह)
विशेष सचिव।

संख्या व दिनांक तदेव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रमुख वन संरक्षक, उत्तर प्रदेश।
2- मुख्य वन संरक्षक, कानपुर, उ0प्र0।
3- निदेशक, लायन सफारी पार्क, इटावा, उ0प्र0।
4- नियोजन अनुभाग-1/3
5- 5-वित्त (आय-व्ययक अनुभाग-1/2
6- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-7

आज्ञा से,

(शहजादे लाल)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

http://shasanadesh.up.nic.in